कार्यालय:- वन प्रमंडल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमंडल, जमशेदपुर।

पत्रांक:- 1184 दिनांक:- 16/4/2015

सेवा में,

एस० पी० भौमिक
महा प्रबंधक (खान)
यू० सी० आई० एल०,
जादूगोडा ।

विषय:- मेसर्स यू० सी० आई० एल०, जादूगोडा माईनिंग लिज का जमशेदपुर वन प्रमंडल अन्तर्गत मौजा इचडा, मेचुआ एवं भाटीन में 134.424 है० वन भूमि अपयोजन का नवीकरण का प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :- आपका पत्रांक शून्य दिनांक 10.4.2015

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि आपके द्वारा विषयगत परियोजना हेतु वन भूमि अपयोजन के नवीकरण हेतु On Line upload किये गये प्रस्ताव की समर्पित हार्ड कॉपी प्रस्ताव के संबंध में निम्न बिन्दुओं पर बिन्दु वार प्रतिवेदन अपेक्षित है :-

(1) विषयगत वन भूमि अपयोजन का नवीकरण का प्रस्ताव पूर्व में अपयोजित 154.464 है० वन भूमि से संबंधित है। वर्तमान में आपके द्वारा 134.424 है० वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव समर्पित किया गया है। (154.464 - 134.424) = 20.040 है० वन भूमि के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची के पत्र संख्या 577 दिनांक 6.08.2013 के निर्देशानुसार पूरे वन क्षेत्र (खनन पट्टा) में खनन कार्य के लिये प्रस्ताव समर्पित करने अथवा खण्डित क्षेत्र को छोड़कर अवशेष वन भूमि को प्रत्यार्पित किये जाने की सूचना अंकित की जानी चाहिये।

(2) परियोजना से संबंधित लागत - लाभ विश्लेषण संलग्न नहीं है।

(3) Purpose wise break up of land विवरणी संलग्न नहीं है।

(4) Reclamation Plan में सक्षम पदाधिकारी का हस्ताक्षर नहीं है।

शेष पृष्ठ - 2 पर ...

§5§ माईनिंग प्लान प्रस्ताव के साथ संलग्न नहीं है ।

§6§ Geo-reference & Shap file प्रस्ताव के साथ संलग्न नहीं है ।

§7§ भारत सरकार / राज्य सरकार द्वारा समय-समय निर्धारित शर्तों के अनुपालन के संबंध में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा कोई बचन बद्धता § (Under Taking § प्रस्ताव के साथ संलग्न नहीं किया है ।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त बिन्दुओं पर बिन्दुवार स्पष्ट प्रतिवेदन सभी अभिलेखों के साथ इस कार्यालय में समर्पित करने की कृपा की जाय जिससे कि प्रस्ताव के संबंध में अग्रेतर कार्रवाई की जा सके ।

आपका विश्वासी,

Sd/- 16/4/15

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
जमशेदपुर वन प्रमंडल,
जमशेदपुर ।

16/4